सुविचार

मन के अंदर भगवान रखेंगे तो खुश रहेंगे, मन के अंदर ?माना रखेंगे तो चाहकर भी खुश ना रह पाएंगे।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर



सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 76 | पंचकूला। बुधवार, 22 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### अमेरिकी राजदूत का दावा, 100 दिन में तेजी से आगे बढ़े भारत-अमेरिका के रिश्ते

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे करने के साथ ही भारत-अमेरिका संबंधों में तेज प्रगति की बात कही। उन्होंने इसे सिर्फ शुरुआत बताते हुए कहा कि दोनों देश अब बातों से आगे बढ़कर ठोस नतीजे दे रहे हैं। गोर ने व्यापार समझौते, रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ भारत को 'पैक्स सिलिका' में शामिल करने की दिशा में काम को अहम बताया।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं

**नई दिल्ली।** सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जु? मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। कोर्ट ने पूछा, 'मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा, जिसे केवल उसके वंश और जन्म के कारण देवता को छूने से रोक दिया जाता है। इस पर सबरीमाला के वकील एडवोकेट वी. गिरी ने कहा किसी भी मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा होते हैं। पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती। भगवान अयप्पा 'नैष्ठिक ब्रह्मचारी' हैं, इसलिए वहां की परंपराएं उसी के अनुरूप तय की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जु? मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं।

### ईडी ने बिटकॉइन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 21 घंटे तक की छापेमारी

**बेंगलुरु, 21 अप्रैल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बिटकॉइन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 21 घंटे तक तलाशी और जब्ती अभियान चलाने के बाद मंगलवार को अपनी छापेमारी पूरी कर ली। ये छापेमारी पूरे कर्नाटक में कांग्रेस नेताओं से जुड़े कई ठिकानों पर की गई, जिसमें बेंगलुरु के भी कई स्थान शामिल थे। आज सुबह 3 बजे, 100 से ज्यादा अधिकारियों ने कांग्रेस विधायक और बेंगलुरु विकास प्राधिकरण (बीडीए) के चेयरमैन एन.ए. हारिस और उनके बेटे कर्नाटक प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नलपाड़ के घरों पर तलाशी पूरी कर ली।

## सख्ती : पुलिस ने रॉन्ग पार्किंग के 20 चालान काटे

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** दो दिन पहले कालका में काली माता मंदिर के सामने सीमेंट से भरा ट्रक पलट गया था। इस हादसे में 4 साल के मासूम और ट्रक चालक की मौत हो गई थी और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूम से जख्मी हो गया था। इस हादसे के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कालका में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए मंगलवार को सख्त कार्रवाई की।

रेलवे रोड पर ट्रैफिक समस्या को नियंत्रित करने के लिए सूरजपुर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सड़क पर गलत तरीके से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 रॉन्ग पार्किंग चालान किए गए। कार्रवाई के दौरान ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक मौके पर स्वयं मौजूद रहे और सख्ती के साथ नियमों का पालन सुनिश्चित कराया।

पुलिस टीम ने मौके पर स्थानीय दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों के बाहर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें और किसी भी प्रकार का अतिक्रमण करने से बचें। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे रोड स्थित अंबेडकर भवन के अंदर नगर परिषद द्वारा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है, जिसका सभी को उपयोग करना चाहिए।

इसके अलावा पुलिस ने आम नागरिकों को भी जागरूक करते हुए कहा कि तहसील आने वाले लोग अपने वाहन तहसील परिसर में ही पार्क करें, एसडीएम कोर्ट आने वाले कोर्ट परिसर की पार्किंग का उपयोग करें और अस्पताल आने वाले लोग अपने वाहन अस्पताल परिसर में ही खड़े करें, ताकि सड़क पर अनावश्यक भीड़ न बढ़े। पुलिस ने दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी निजी गाड़ियां दुकान के सामने खड़ी न करें और जहां संभव हो दोपहिया वाहनों का उपयोग करें। साथ ही उन्हें यह जिम्मेदारी भी दी गई कि वे अपने ग्राहकों को भी सड़क पर वाहन खड़ा न करने के लिए प्रेरित करें और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि पर्याप्त पार्किंग सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद सड़क पर वाहन खड़े करने से अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसे देखते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार ऑनलाइन व मैनूअल चालान की कार्रवाई जारी रहेगी।

## 10 किलो 370 ग्राम चूरा पोस्त के साथ नशा तस्कर काबू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए थाना पिंजौर क्षेत्र में एक युवक को भारी मात्रा में चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी गुरविन्द्र सिंह उर्फ गुरी के कब्जे से 10 किलो 370 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी राजस्थान से नशीला पदार्थ लाकर पिंजौर व इससे सटे हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रों में सप्लाई करता था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच कर रही है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार 20 अप्रैल को क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इन्चार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर पिंजौर क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी गुरविन्द्र सिंह उर्फ गुरी को कीरतपुर गांव के नजदीक नदी के पुल के नीचे भारी मात्रा में चूरा पोस्त के साथ काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद प्लास्टिक कट्टे से कुल 10 किलो 370 ग्राम चूरा पोस्त पाया गया। आरोपी के खिलाफ पिंजौर थाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 15 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह~ पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह राजस्थान के उदयपुर क्षेत्र से चूरा पोस्त लाकर पिंजौर और आसपास के हिमाचल प्रदेश के इलाकों में सप्लाई करता था। आरोपी को अदालत में पेश कर 6 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।


# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा फिलहाल टली

पंचकूला ऑब्जर्वर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा फिलहाल टाल दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि ईरान ने अब तक अमेरिका की बातचीत की शर्तों पर कोई जवाब नहीं दिया है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया।

वेंस को मंगलवार सुबह पाकिस्तान के लिए रवाना होना था, जहां बुधवार को अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत फिर शुरू होने वाली थी। हालांकि, यह यात्रा रद्द नहीं की गई है, बल्कि फिलहाल होल्ड पर रखी गई है। दोनों देशों के बीच चल रहा सीजफायर भी बुधवार को खत्म होने वाला है।

दूसरी तरफ ईरान ने भी अमेरिका के साथ प्रस्तावित बातचीत में शामिल होने से इनकार कर दिया है। तेहरान टाइम्स से बात करते हुए ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अभी इस्लामाबाद जाने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने इसके पीछे अमेरिका के विरोधाभासी रवैये को जिम्मेदार ठहराया।




### होर्मुज स्ट्रेट से सिर्फ 16 जहाज गुजरे

होर्मुज स्ट्रेट से सोमवार को सिर्फ 16 जहाज गुजरे। मरीन ट्रैफिक डेटा के मुताबिक, सोमवार को 9 जहाज होर्मुज में दाखिल हुए, जिनमें 2 ईरानी झंडे वाले जहाज थे, जिनमें से एक तेल टैंकर था। वहीं 7 जहाज बाहर निकले, जिनमें एक ईरानी कार्गो जहाज शामिल था। उधर, इजराइल और लेबनान के बीच बातचीत का दूसरा दौर 23 अप्रैल को तय किया गया है। इससे पहले 16 अप्रैल को दोनों देशों की बातचीत हुई थी जिसमें दोनों देशों ने 10 दिनों के लिए सीजफायर पर सहमति जताई थी। वहीं अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहे टूस्का नाम के एक ईरानी जहाज को पकड़ लिया। यह चीन से लौट रहा था। ईरान ने इस पर नाराजगी जताई और अंजाम भुगतने की चेतावनी दी।

### ट्रम्प बोले- मैंने ईरान में सत्ता बदल दी

ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने ईरान में सत्ता बदल दी है। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच जल्द एक बड़ी डील हो सकती है। ट्रम्प कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के पास समझौता करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर पीस डील नहीं हुई, तो अमेरिकी सेना हमले के लिए पूरी तरह तैयार है और आदेश मिलते ही कार्रवाई कर सकती है। ट्रम्प ने साफ किया कि वह सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, हमारे पास ज्यादा समय नहीं है। ट्रम्प ने बताया कि सीजफायर के दौरान अमेरिका ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाई है। उन्होंने कहा, हमारे पास बहुत ज्यादा गोला-बारूद है, हमने इस समय का इस्तेमाल तैयारी में किया।

## आदि शंकराचार्य की शिक्षाएं आज भी दुनिया को दे रही हैं मार्गदर्शन : पीएम



**नई दिल्ली, 21 अप्रैल।** आदि शंकराचार्य जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य भारत के महान आध्यात्मिक गुरुओं में से एक थे, जिनका ज्ञान और उनकी शिक्षाएं हमें सत्य, करुणा और सामूहिक कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, आदि शंकराचार्य की गहरी शिक्षाएं, विचार और अद्वैत वेदांत का दर्शन दुनिया भर में अनगिनत लोगों को रास्ता दिखा रहा है। उन्होंने तालमेल, अनुशासन और सभी अस्तित्व की एकता पर जोर दिया। आध्यात्मिक विचारों को फिर से जगाने और पूरे देश में आध्यात्मिक केंद्र बनाने की उनकी कोशिशें हमेशा प्रेरणा बनी रहेंगी।

पीएम मोदी ने कहा, आदि शंकराचार्य का ज्ञान और शिक्षाएं हमारे मार्ग को निरंतर आलोकित करती रहे और सत्य, करुणा तथा सामूहिक कल्याण के प्रति हमारे संकल्प को सुदृढ़ बनाए।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी आदि शंकराचार्य जयंती के अवसर पर उनको नमन करते हुए उनकी शिक्षाओं को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, अद्वैत वेदांत के प्रणेता, सांस्कृतिक एकता के सूत्रधार, महान दार्शनिक एवं रचनाकार, जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं।

## मंडियों में सुचारू रूप से चल रहा है गेहूं की खरीद और उठान का कार्य

### अब तक 30520 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद तथा 13104 मीट्रिक टन गेंहू का हुआ उठान

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 21 अप्रैल।** जिला में रबी सीजन 2026-27 के दौरान गेंहू की खरीद एवं उठान का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा जिला की मंडियों में से अब तक 30520 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई और 13104 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसियों हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा रायपुररानी, बरवाला और पंचकूला स्थित अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि रायपुररानी अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 3936 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कोरपोरेशन द्वारा 9476 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई। इसी प्रकार बरवाला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 7743 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोशन द्वारा 8275 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई। इसके अलावा पंचकूला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 1090 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई।

**पंचकूला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 1090 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद**

उन्होने बताया कि मंडियों में खरीद के साथ साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है। रायपुररानी अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 1051 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कोरपोरेशन द्वारा 3545 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया। इसी प्रकार बरवाला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 3665 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोशन द्वारा 4643 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया। पंचकूला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 200 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया।

## सेक्टर-23 डंपिंग ग्राउंड में पड़े लेगेसी वेस्ट को 15 मई तक हटाने का लक्ष्य

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 21 अप्रैल।** नगर निगम के आयुक्त विनय कुमार सेक्टर-23 स्थित लेगेसी वेस्ट को साइट से 15 मई तक हटाने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को वह औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहां संबंधित अधिकारियों को वहीं तलब किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि कचरा प्रोसेसिंग के लिए स्थापित ट्रॉमेल मशीनें अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य नहीं कर रही हैं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कराने और मशीनों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रोसेस किए गए कचरे के उठान और उसके निस्तारण की प्रक्रिया की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान यह प्रक्रिया संतोषजनक नहीं पाई गई। कचरा हटाने में तेजी लाने के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन, दोनों को बिना किसी देरी के सुदृढ़ किया जाए।



आयुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुराने कचरे वाली साइट को ज़मीन के स्तर तक साफ़ करने का लक्ष्य अब हासिल करना संभव प्रतीत हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह लक्ष्य 15 मई तक प्राप्त कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सफाई टीमों को निर्देश दिए कि वे आसपास के क्षेत्रों, विशेषकर स्थल के निकट बिखरे कचरे की समुचित सफाई सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

गौरतलब है कि कमिश्नर ने चार्ज संभालने के बाद झूरिवाला डंपिंग ग्राउंड को पूरी तरह साफ कर दिया। तब यहां से कचरा अंबाला के पटवी गांव पहुंचाया जा रहा था।

अलीपुर में एमआरएफ सेंटर बनने के बाद कचरा वहां भेजना शुरू किया।

## डीसी ने की पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला 21 अप्रैल।** बरवाला तहसील के गांव मौली स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की। इससे पूर्व, उपायुक्त सतपाल शर्मा के विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संध्या छिकारा, एसएमओ रायपुर रानी डॉ. संजीव गोयल, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक जतिन मित्तल, पीडब्ल्यूडी विभाग से जेई गौरव, बतौड स्कूल से सचिन गुप्ता, मौली सरपंच प्रतिनिधि विक्रम सिंह,



अभिभावक-शिक्षक परिषद से ताज मोहम्मद, अल्का, राजेश कुमार सहित विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य रूपचंद ने वर्ष 2025 में आयोजित पिछली बैठक में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात वर्ष 2026 के लिए प्रस्तावित कार्यों की सूची उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की गई। इसमें सत्र 2025-26 के वार्षिक खर्च का विवरण, सत्र 2026-27 के लिए योगा अध्यापक को अनुबंध आधार पर नियुक्त करने का प्रस्ताव, क्रय सलाहकार समिति के गठन हेतु सदस्य नामित करने, विद्यालय के आसपास औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों के पुलिस सत्यापन तथा बाहरी मार्ग पर पुलिस गश्त बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

**पारा हाई** मध्य प्रदेश में पहली बार रात में लू का अलर्ट : महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी का समय बदला

## पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में कई जगह पारा 44 डिग्री पार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ल।** देश के मैदानी इलाकों में तेज गर्मी जारी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा और दिल्ली में कई जगह पारा 44एष्ट पार पहुंच गया है। कई जगह लू का भी अलर्ट है।

मध्य प्रदेश के भोपाल में पहली बार रात में लू चलने की चेतावनी दी गई है। भोपाल, छिंदवा?ा, मंडला, नर्मदापुरम, ग्वालियर, रतलाम और छतरपुर समेत 16 जिलों में लू चलने के आसार हैं।

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में 44.4 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। गर्मी को देखते हुए 8वीं तक के स्कूलों का टाइम बदल दिया गया है। झारखंड में भी आज से स्कूलों के समय में बदलाव किया है। महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सोमवार को पारा 43एष्ट दर्ज हुआ। दोनों जिलों में दोपहर 12-30 बजे से 4 बजे तक ट्रैफिक सिग्नल बंद कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को चौराहों पर धूप में खड़ा न रहना पड़े। दोनों ही राज्यों में दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में काम करने पर रोक लगा दी गई है। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के काम के घंटे बदलकर सुबह 6 से 11 और शाम 4 से 8 बजे कर दिए गए हैं।




### बिहार में छोटे बच्चों की कक्षा साढ़े 11 बजे तक ही

**पटना, 21 अप्रैल।** बिहार में बढ़ती गर्मी और उमस भरे मौसम को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा फैसला लिया है। पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में फिर से बदलाव का आदेश जारी किया है। नए आदेश के मुताबिक, कक्षा 5 तक के सभी छात्रों (प्री-स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों सहित) की पढ़ाई सुबह से लेकर अधिकतम 11-30 बजे तक ही संचालित की जाएगी। वहीं, कक्षा 8 तक के छात्रों के लिए कक्षाएं दोपहर 12-30 बजे तक ही चलेंगी। इससे पहले प्रशासन ने कक्षा 8 तक के लिए 12-30 बजे तक का ही समय निर्धारित किया था, जिसे अब और संशोधित किया गया है। वहीं, कक्षा 6 से ऊपर के छात्रों के लिए स्कूल का संचालन पूर्व निर्धारित समय के अनुसार जारी रहेगा। स्कूल प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से अपनी समय-सारिणी में बदलाव करें और आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। यह आदेश 21 अप्रैल 2026 से लागू होकर 25 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा। इधर, पटना स्थित भारतीय मौसम विभाग के मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के कई हिस्सों में लू चलने की चेतावनी जारी की है।

### वैश्विक मंच पर पंजाब की ब्रांडिंग, निवेश आकर्षित करने में जुटे मुख्यमंत्री भगवंत मान

# नीदरलैंड्स के साथ व्यापार होगा मजबूत, पंजाब में निवेशकों को आने का न्योता

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 21 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को मजबूत करने के लिए वैश्विक स्तर पर सक्रिय प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने नीदरलैंड्स-इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड ट्रेड (एनआईसीसीटी) के प्रतिनिधिमंडल के साथ रणनीतिक बैठक कर द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने पर जोर दिया।

मिस एडिथ नॉर्डमैन के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने फूड प्रोसेसिंग और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में वैल्यू एडिशन, निर्यात आधारित विकास और वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ाव को पंजाब की प्राथमिकता बताया। उन्होंने एनआईसीसीटी से डच उद्योगों को पंजाब से जोड़ने और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों को सक्रिय करने की अपील की।



### पंजाब की औद्योगिक क्षमता और निवेश के अवसरों को सीएम ने किया प्रस्तुत

हेग में आयोजित निवेश रोड शो में मुख्यमंत्री ने पंजाब की औद्योगिक क्षमता और निवेश के अवसरों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया। उन्होंने राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे, कुशल मानव संसाधन, निवेशक-अनुकूल नीतियों और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को प्रमुख आकर्षण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति-2026 देश की सबसे प्रतिस्पर्धी नीतियों में शामिल है। 'फास्ट ट्रैक पंजाब' पोर्टल के माध्यम से सिंगल विंडो क्लीयरेंस और समयबद्ध स्वीकृतियां निवेशकों के लिए प्रक्रिया को आसान बना रही हैं। उन्होंने पंजाब और नीदरलैंड्स के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए वैश्विक निवेशकों को 卐पंजाब आइए, निवेश कीजिए और आगे बढ़िए卐 का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने उच्च गुणवत्ता वाले इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रगतिशील कृषि और कुशल कार्यबल को राज्य की प्रमुख ताकत बताया।

### 'पंजाब आइए, निवेश कीजिए और आगे बढ़िए'....

मुख्यमंत्री ने पंजाब और नीदरलैंड्स के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का भी उल्लेख किया, जो खुलेपन और नवाचार के साझा मूल्यों को दर्शाते हैं। उन्होंने निवेश को बढ़ावा देने और कारोबार करने में आसानी के प्रति राज्य सरकार की सक्रिय और सुधारवादी दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि औद्योगिक और व्यापार विकास नीति 2026 देश की सबसे प्रतिस्पर्धी नीतियों में से एक है। भगवंत सिंह मान ने फास्ट ट्रैक पंजाब पोर्टल के माध्यम से सिंगल-विंडो क्लीयरेंस और समयबद्ध स्वीकृतियों की प्रभावशीलता पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने पंजाब और नीदरलैंड्स के बीच साझा सांस्कृतिक मूल्यों और उद्यमशीलता की भावना की सराहना करते हुए वैश्विक निवेशकों को 'पंजाब आइए, निवेश कीजिए और आगे बढ़िए' का आह्वान किया। उन्होंने राज्य के रणनीतिक लाभों को उजागर करते हुए निवेश को सहज बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे, प्रगतिशील किसानों और वैश्विक मानकों के अनुरूप कुशल मानव संसाधन जैसी विशेषताओं पर भी जोर दिया। भगवंत सिंह मान ने डच कंपनियों को नए निवेश के लिए पंजाब को संभावित गंतव्य के रूप में चुनने का निमंत्रण दिया। एक सामुदायिक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रवासी पंजाबियों से संवाद किया, जिससे सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने और लोगों के बीच जुड़ाव को गहरा करने का अवसर मिला। उन्होंने नीदरलैंड्स में भारतीय और पंजाबी समुदाय के योगदान की सराहना की, जो सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने उनके सुझाव भी आमंत्रित किए और पंजाब के विकास में प्रवासी समुदाय को महत्वपूर्ण भागीदार बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

## बोवेलैंडर का अनुभव एशियाई हॉकी चैंपियनशिप से पहले पंजाब के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा: सीएम मान

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 21 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी फ्लोरिस जान बोवेलैंडर से मुलाकात की और पंजाब में हॉकी को और मजबूत करने, विशेषकर प्रतिष्ठित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों के लिए उनकी विशेषज्ञता का लाभ उठाने पर चर्चा की। विस्तृत बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पंजाब में हॉकी और खेलों के समृद्ध वातावरण पर प्रकाश डाला और राष्ट्रीय खेल की पुरानी गरिमा को पुनर्स्थापित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बोवेलैंडर के असाधारण कौशल और हॉकी में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका शानदार करियर दुनिया भर के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ओलंपियन बोवेलैंडर को पंजाब आने का निमंत्रण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा को और निखारने के लिए उनकी सेवाएं लेना चाहता है।



उन्होंने कहा कि पंजाब खेल प्रतिभा को विकसित करने और हॉकी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि इतिहास में पहली बार पंजाब एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा, जो राज्य के खेल जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एशियाई खेल अक्टूबर की शुरुआत में समाप्त होंगे, जिसके बाद शीर्ष छह टीमें चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी से पंजाब की पहचान वैश्विक स्तर पर हॉकी केंद्र के रूप में और मजबूत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि दशकों से भारतीय हॉकी में पंजाबियों की मजबूत उपस्थिति के बावजूद, पंजाब ने अब तक किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं की थी, और अब यह एक ऐतिहासिक बदलाव है।

पंजाब और हॉकी के बीच गहरे संबंध का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों एक-दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाबी खिलाड़ियों के बिना भारतीय हॉकी की कल्पना करना मुश्किल है। पंजाब के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक पदक जीते हैं और 10 पंजाबी खिलाड़ियों ने ओलंपिक में भारतीय टीम की कप्तानी की है।

### संसारपुर, खुसरोपुर और मिठापुर जैसे गांवों ने मिलकर 20 से अधिक ओलंपियन दिए

पंजाब की समृद्ध खेल विरासत पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि संसारपुर, खुसरोपुर और मिठापुर जैसे गांवों ने मिलकर 20 से अधिक ओलंपियन दिए हैं। हाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि टोक्यो 2020 ओलंपिक में भारत ने 41 वर्षों के अंतराल के बाद कांस्य पदक जीता, जिसमें मनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम में नौ पंजाबी खिलाड़ी शामिल थे। उन्होंने आगे बताया कि पेरिस 2024 ओलंपिक में भी भारत ने कांस्य पदक हासिल किया, जिसमें 10 पंजाबी खिलाड़ी शामिल थे, और हरमनप्रीत सिंह ने कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करते हुए सर्वाधिक गोल किए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बैठक के कुछ अंश साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नीदरलैंड में ओलंपियन फ्लोरिस जान बोवेलैंडर से मिलकर उन्हें अत्यंत खुशी हुई।

## एक नजर

### गैंगस्टरां ते वार का 91वां दिन, 561 स्थानों पर छापेमारी; 281 गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरां ते वार' के 91वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के साथियों के चिन्हित और मैप किए गए 561 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरां ते वार' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी, 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें पूरे राज्य में विशेष कार्रवाई कर रही हैं। अभियान के 91वें दिन पुलिस टीमों ने 6 हथियारों सहित 281 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 22,886 हो गई है। इसके अलावा 70 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई, जबकि 61 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 3 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं, और अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों संबंधी सूचना भी साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' के 416वें दिन आज 116 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.04 किलोग्राम हेरोइन, 22 किलोग्राम भुक्की, 388 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 800 रुपये की ड्रग मनी बरामद की।

### दवाइयां-खाद के कारोबार में जुड़े लेन-देन में 17.69 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**जगराओं।** दवाइयों और खाद के कारोबार से जुड़े लेन-देन में 17.69 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान कोठे पोना निवासी इकबाल सिंह उर्फ काला और जगतार सिंह उर्फ तारी के रूप में हुई है। थाना सिटी के इंचार्ज परमिंदर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता विकास कपूर खेतीबाड़ी से जुड़ी दवाइयों और खाद का कारोबार करते हैं। विकास कपूर ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उनसे समय-समय पर दवाइयां और खाद खरीदी थीं। इस खरीद के एवज में उन पर 17 लाख 69 हजार 821 रुपए की बड़ी राशि बकाया थी। पीड़ित के अनुसार, जब भी वह अपनी बकाया रकम लेने उनके घर जाता था, तो आरोपी विभिन्न बहाने बनाकर उसे टाल देते और खाली हाथ वापस भेज देते थे। पुलिस को सौंपी कॉल रिकार्डिंग विकास कपूर ने आरोपियों से हुई बातचीत की मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी है। जांच अधिकारी के अनुसार, रिकॉर्डिंग से यह स्पष्ट होता है कि आरोपी इकबाल सिंह को पीड़ित को पैसे देने थे। पीड़ित का आरोप है कि बार-बार पैसे मांगने पर दोनों आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकियां देने लगे। इस घटना से परेशान होकर विकास कपूर ने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने इकबाल सिंह उर्फ काला और जगतार सिंह उर्फ तारी के खिलाफ धोखाधड़ी, बकाया राशि न लौटाने, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

### कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने ज़िले की अलग-अलग मंडियों का किया दौरा

**पठानकोट।** फ़ूड, सिविल सप्लाई और कंज्यूमर अफेयर्स मंत्री पंजाब लाल चंद कटारूचक्क ने पठानकोट ज़िले की नौरंगपुर, फिरोजपुर कलां, घोह और बमियाल की अलग-अलग अनाज मंडियों का दौरा किया और गेहूं खरीद के इंतज़ामों का निरीक्षण किया। इस मौके पर अमित मंटू हलका इंचार्ज सुजानपुर, पवन कुमार फौजी चेयरमैन ब्लॉक समिति घरोटा, साहिब सिंह साबा जिला परिषद सदस्य, भूपिंदर सिंह मुन्ना सदस्य जिला परिषद, नितिन ठाकुर सदस्य जिला परिषद, डॉ. सुरिंदर मोहन, सरपंच करणवीर सिंह, हरजीत कुमार संगठन इंचार्ज सुजानपुर, जिला खाद्य एवं आपूर्ति कंट्रोलर राज ऋषि मेहरा और विभिन्न खरीद एजेंसियों के डीएम के अलावा आम आदमी पार्टी के अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद थे। कैबिनेट मंत्री कटारूचक ने कहा कि पंजाब को केंद्रीय पूल के अंदर 122 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला है और हम लगातार उस ओर बढ़ रहे हैं और अब तक 50 लाख मीट्रिक टन गेहूं पंजाब की मंडियों में पहुंच चुका है।

### वित्त मंत्री ने कर्मचारी यूनियनों के साथ की बैठकें, उचित मांगों पर जल्द कार्रवाई का भरोसा

**चंडीगढ़, 21 अप्रैल।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां कर्मचारी और वर्कर यूनियनों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ लगातार बैठकें कीं, जिसमें उन्होंने उनकी मांगों को विस्तार से सुना और उचित मुद्दों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। कर्मचारियों की भलाई के प्रति भगवंत मान सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, उन्होंने विभागों को तुरंत कार्रवाई करने और वित्तीय मंजूरी वाले मामलों में प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

इन बैठकों के दौरान, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आर्ट एंड क्राफ्ट टेट पास बेरोजगार अध्यापक यूनियन, लाल झंडा मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन और डेमोक्रेटिक मिड डे मील कुक फ्रंट के प्रतिनिधिमंडलों के साथ विस्तृत चर्चा की। इसके अलावा, ओवरएज बेरोजगार अध्यापक यूनियन और पंजाब नंबरदार यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ भी व्यापक विचार-विमर्श किया।

वित्त मंत्री ने बातचीत के दौरान यूनियन नेताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों और मांगों को धैर्य, सहानुभूति और पूर्ण ध्यान से सुना।

## 30 हजार रुपए रिश्वत लेते इंस्पेक्टर विजिलेंस ब्यूरो ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 21 अप्रैल।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान थाना डिवीजन नंबर 4, लुधियाना में एस.एच.ओ. के रूप में तैनात इंस्पेक्टर गुरजीत सिंह को 30,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आज यहां यह जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को नूरवाला रोड, लुधियाना के एक निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता के पुत्र को डिवीजन नंबर 4, लुधियाना में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब वह अपने बेटे से मिलने थाना डिवीजन नंबर 4, लुधियाना गई, तो उसके बेटे ने बताया कि पुलिस ने उसे बेरहमी से पीटा है और उसकी सोने की अंगूठी तथा चांदी का ब्रेसलेट भी अपने कब्जे में ले लिया है। इस संबंध में आरोपी इंस्पेक्टर ने सोने की अंगूठी और चांदी का ब्रेसलेट वापस करने के लिए 35,000 रुपये की रिश्वत मांगी, लेकिन शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने की पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर ली।

शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने विजिलेंस ब्यूरो, लुधियाना से संपर्क किया। उसकी शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी इंस्पेक्टर को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 30,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो थाना लुधियाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## 33,500 रुपये रिश्वत लेते एएसआई काबू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 21 अप्रैल।** विजिलेंस ब्यूरो पंजाब ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान पुलिस थाना जैतो, जिला फरीदकोट में तैनात सहायक सब-इंस्पेक्टर हरपाल सिंह को 33,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। यह जानकारी देते हुए ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को जैतो तहसील के एक निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

प्रवक्ता के अनुसार, शिकायतकर्ता के पति और सास के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज था, जिसकी जांच आरोपी एएसआई हरपाल सिंह कर रहा था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने इस मामले में मदद करने और पुलिस रिमांड न लेने के बदले 2 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। बाद में अनुरोध करने पर यह सौदा 80,000 रुपये में तय हुआ और आरोपी पहले ही पहली किस्त के रूप में 40,000 रुपये ले चुका था। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी ने दूसरी किस्त के रूप में 40,000 रुपये की और मांग की, जिसकी पूरी बातचीत शिकायतकर्ता ने रिकॉर्ड कर ली थी। शिकायतकर्ता किसी भी गैरकानूनी तरीके को अपनाने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए उसने विजिलेंस ब्यूरो यूनिट, फरीदकोट से संपर्क किया। प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाकर दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी एएसआई को 33,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में विजिलेंस ब्यूरो थाना फिरोजपुर में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

### मार्च माह के दौरान रिश्वतखोरी के 9 मामलों में 10 व्यक्ति गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अपने अभियान के तहत मार्च माह के दौरान 9 अलग-अलग ट्रैप मामलों में 9 सरकारी अधिकारियों और एक निजी व्यक्ति को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आज यहां यह जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि विजिलेंस ब्यूरो ने इस दौरान सरकारी कर्मचारियों और हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए अपनी पूरी कोशिश की है। प्रवक्ता ने बताया कि ब्यूरो ने पिछले महीने विभिन्न सक्षम अदालतों में 19 विजिलेंस मामलों से संबंधित आरोपपत्र पेश किए हैं। इसके अलावा, भ्रष्टाचार के मामलों की गहराई से जांच करने के लिए 2 विजिलेंस इंक्वायरी भी दर्ज की गईं और एक सरकारी अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला भी दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि 34 आरोपियों के खिलाफ 4 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 26 सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।

## 'गैंगस्टरां ते वार' की शुरुआत के बाद पंजाब में गैंगस्टरों से संबंधित हत्याओं में भारी कमी, गोलीबारी की घटनाएं 69 प्रतिशत घटीं

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 21 अप्रैल।** पंजाब पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन 'गैंगस्टरां ते वार' की सफलता केवल अपराधियों की गिरफ्तारी और नशे की बरामदगी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इस अभियान ने गैंगस्टर नेटवर्क की जड़ों पर प्रहार किया है, जिससे पूरे राज्य में अपराध दर में महत्वपूर्ण कमी आई है।

पंजाब पुलिस के निरंतर प्रयासों के चलते 'गैंगस्टरां ते वार' की शुरुआत के तीन महीनों के भीतर ही संगठित अपराध में भारी कमी दर्ज की गई है। राज्य में गैंगस्टरों से संबंधित हत्या के मामलों में 100 प्रतिशत कमी आई है। जहां जनवरी महीने में ऐसे चार मामले दर्ज हुए थे, वहीं मार्च में यह संख्या शून्य हो गई है।

सिर्फ हत्याएं ही नहीं, बल्कि गैंगस्टरों से जुड़ी फायरिंग की घटनाओं में भी 69 प्रतिशत की बड़ी कमी देखी गई है। वर्ष के पहले महीने में फायरिंग की 29 घटनाओं के मुकाबले 20 अप्रैल तक यह संख्या घटकर केवल 9 रह गई।

इसी तरह जबरन वसूली के मामलों में भी 10.9 प्रतिशत की कमी आई है। जनवरी में 110 मामलों के मुकाबले मार्च में यह संख्या घटकर 98 रह गई है।

टोल-फ्री एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन (93946-93946) की स्थापना के बाद, जबरन वसूली से संबंधित कॉलों की शिकायत करने के लिए अधिक नागरिक आगे आ रहे हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा, 'पंजाब पुलिस ने न केवल राज्य में अपराध दर को नियंत्रित किया है, बल्कि 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के माध्यम से लोगों का विश्वास भी जीता है। रिकॉर्ड से पता चलता है कि अपराधी नेटवर्क को खत्म करने के लिए कितनी गंभीरता से काम किया गया है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, क्योंकि पंजाब पुलिस गैंगस्टर कल्चर के पूर्ण उन्मूलन के लिए निरंतर कार्रवाई कर रही है।÷

विश्लेषण के अनुसार, इस अवधि के दौरान जबरन वसूली के कुल मामलों में भी लगभग 11 प्रतिशत की कमी आई है। इस अभियान का प्रभाव हिंसक आपराधिक गतिविधियों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसकी सफलता केवल शहरों और जिलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सीमावर्ती इलाकों में भी देखी जा रही है।

आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि संगठित अपराध में महत्वपूर्ण कमी आई है, जो पहले गैंगस्टर कल्चर के बढ़ने का एक बड़ा कारण बन रहा था।

इस संबंध में डीजीपी गौरव यादव ने कहा, ÷यह ऑपरेशन केवल बड़े गैंगस्टरों पर नकेल कसने तक सीमित नहीं है, बल्कि पंजाब में उनके पूरे नेटवर्क पर भी कार्रवाई की जा रही है। छोटे अपराधों में शामिल लोगों को गैंग में भर्ती करने की संभावना अधिक होती है।

## सरहद पार से नशीले पदार्थों की तस्करी वाले पांच व्यक्ति 7 किलो हेरोइन समेत दबोचे

- ऋणों के सहारे सरकार नहीं चल सकती
- वित्तीय वर्ष के अंत में पंजाब पर ऋण बढ़कर 1 लाख करोड़ होंगे

पंचकूला ऑब्जर्वर



**अमृतसर, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पांच आरोपियों को 7.050 किलोग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार करके सरहद पार से नशीले पदार्थों की तस्करी वाले दो कार्टेलों का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज यहां दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान दीपक सिंह उर्फ दीपू (22) निवासी हरकृष्ण नगर छेहरटा, अमृतसर; प्रिंस सिंह उर्फ प्रिंस निवासी गांव कोहाला, अमृतसर; रजिंदर सिंह उर्फ घुद्दू (23), रणदीप सिंह उर्फ दिल (19) और गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (21) के रूप में हुई है, जो तीनों गांव सैंसरा कलां, अमृतसर के निवासी हैं। हेरोइन बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने उनका मोटरसाइकिल भी जब्त कर लिया है, जिस पर वे नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहे थे।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी पाकिस्तान स्थित एक तस्कर के संपर्क में थे, जो ड्रोन के माध्यम से खेप भेजकर अपने स्थानीय हैंडलरों के जरिए पूरे पंजाब में इसकी सप्लाई कर रहा था। डीजीपी ने कहा कि इस नशा तस्करी नेटवर्क के आगे-पीछे के संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच जारी है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने दीपक सिंह उर्फ दीपू को 1.3 किलो हेरोइन समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के दौरान पुलिस को और 2.6 किलो हेरोइन बरामद करने में सफलता मिली, जिससे कुल बरामदगी 4.04 किलो हेरोइन हो गई।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आधारित हैंडलर के बारे में आगे की जांच के दौरान पुलिस टीमों ने तीन अन्य आरोपियों रजिंदर उर्फ घुद्दू, रणदीप उर्फ दिल और गुरप्रीत उर्फ गोपी को 1.01 किलो हेरोइन समेत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा दिए गए और खुलासे के आधार पर उनके चौथे साथी प्रिंस सिंह उर्फ प्रिंस को भी 2 किलो हेरोइन समेत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपक उर्फ दीपू पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत खन्ना थाने में आपराधिक केस दर्ज है।

इस संबंध में दो अलग-अलग मामले थाना छेहरटा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी के तहत एफआईआर नंबर 77 दिनांक 08-04-2026 और थाना छावनी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी के तहत एफआईआर नंबर 61 दिनांक 17-04-2026 दर्ज किए गए हैं।

## एक नजर

### भारतीय संस्कृति के उन्नायक महाकवि सूरदास : डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री



**पंचकूला.** हिंदी साहित्य के सूर्य महाकवि संत सूरदास की 549वीं जयंती के अवसर पर आज अकादमी भवन परिसर में स्थापित महाकवि संत सूरदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री, डॉ. चन्द्र त्रिखा, निदेशक, उर्दू प्रकोष्ठ तथा अकादमी के सदस्य सचिव मनजीत सिंह सहित पंचकूला के लेखकों ने भी अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रोफेसर चंद अग्निहोत्री ने कहा कि हिंदी साहित्य में भक्ति काल को स्वर्ण युग की संज्ञा दी जाती है। तत्कालीन भारतीय समाज की पराजित मनोदशा को सम्बल प्रदान करने हेतु हमारे संत कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हमारे महानायकों के प्रेरणादायक व्यक्तित्व का प्रतिपादन किया। इसी श्रृंखला में 16वीं शती में महाकवि संत सूरदास ने भगवान श्रीकृष्ण के चरित को लोक भाषा के माध्यम से भारतीय जनमानस की चेतना में स्थापित किया ताकि निराशा व पराजित भारतीय समाज अपने महानायकों के चरित्रों से प्रेरित होकर देश की आजादी के लिए उठ खड़ा हो। महाकवि सूरदास ने श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं के माध्यम से उन्हें भारतीय समाज के घर-घर में स्थापित किया। डॉ. चन्द्र त्रिखा ने भी महाकवि सूरदास के पदों के माध्यम से उन्हें याद किया। अकादमी के सदस्य सचिव मनजीत सिंह ने बताया कि आज अकादमी द्वारा फरीदाबाद में महाकवि के स्मारक पर भी डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, निदेशक हिंदी प्रकोष्ठ के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### सफ़लता विद्यार्थियों की निरन्तर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है

**कालांवाली.** माता हरकी देवी विद्यालय ओढ़ा के प्रांगण में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन एवं अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा किए गए इस सम्मान समारोह की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान की प्रबंध निदेशक डॉ कुलदीप कौर ने अपने संबोधन में कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### घर का ताला तोड़कर मोबाईल, एलईडी व आभूषण चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कालांवाली.** थाना ओढ़ा पुलिस ने बंद पड़े घर को निशाना बनाकर आभूषण, एलईडी व मोबाईल चोरी करने की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी प्रमोद उर्फ गोलू निवासी गोविंदपुर हाल ओढ़ा को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने बताया कि गत दिवस एक महिला ने शिकायत दी कि वह अपने पुत्र के साथ दिनांक 11.4.26 को अपने घर को ताला लगाकर हरिद्वार गई थी और जब 17 अप्रैल की शाम को उन्होंने वापस आकर देखा तो उनके घर के ताले टूटे हुए थे व सामान बिखरा पड़ा था। पीछे से उनके घर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक जोड़ी चांदी का पाजेब, एक एलईडी व एक मोबाईल मार्का वीवो चोरी कर लिया। इस मामले की तफ्तीश करते हुए उनकी टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए मामले का त्वरित खुलासा किया और आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया और चोरीशुदा सामान भी बरामद कर लिया।

### सेशन जज ने की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के भिवानी आगमन पर तैयारियों की समीक्षा

**भिवानी.** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के 25 अप्रैल को भिवानी आगमन को लेकर स्थानीय न्यायिक परिसर में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया ने की। उन्होंने समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। वहीं दूसरी ओर डीसी साहिल गुप्ता ने सभी कार्यक्रमों के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान दादरी की सेशन जज गगनदीप कौर सिंह सहित अनेक न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के आगमन पर भिवानी न्यायिक परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत लोहारू के न्यायिक परिसर की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को गरिमापूर्ण एवं भव्य बनाने के लिए न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

#### हरियाणा विधान सभा में 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न' विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

# महिलाओं के सम्मान की रक्षा नैतिकता के साथ-साथ कानूनी जिम्मेदारी भी : हरविंद्र कल्याण

पंचकूला ऑब्जर्वर




**चंडीगढ़.** हरियाणा विधान सभा सचिवालय में आज 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण और उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में पंजाब विश्वविद्यालय के कानून विभाग की चेयरपर्सन डॉ. वंदना अरोड़ा ने विषय विशेषज्ञ के तौर पर व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि कार्य स्थल पर महिलाओं के सम्मान की रक्षा का विषय सामाजिकता, नैतिकता के साथ-साथ कानूनी जिम्मेदारी से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि विधान सभा प्रदेश स्तर तक कानून निर्माण की सर्वोच्च संस्था है। यहां के सभी कर्मचारी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कानून निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा हैं। इसलिए हम सभी को अपने कार्यस्थल से जुड़ कानूनों के बारे में गहन जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जागरुकता से बेहतर कानून का निर्माण होता है तो प्रशिक्षण से हमारी कार्य क्षमता बढ़ती है। सभ्य नागरिक परिवार, समाज और अपने कार्यस्थल पर आदर्श भूमिका का निर्वहन करता है। महिला की सुरक्षा और सम्मान का विषय आता है तो हमें इस दृष्टिकोण से सोचना होगा कि जब हमारी बेटियां कार्य के लिए बाहर जाती हैं, तो हम कैसा वातावरण चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह भी तय करना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संकल्पित 'विकसित भारत 2047' में हम मातृशक्ति को कैसा वातावरण देना चाहते हैं। हमें अपनी संस्कृति से जुड़कर संस्कारवान नागरिक समाज तैयार करना होगा।

उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने अनेक रीति रिवाजों और परंपराओं का उदाहरण देते हुए भारतीय समाज में मातृशक्ति के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. मिड्ढा ने कहा कि जिस घर में नारी शक्ति मुस्कुराती है, लक्ष्मी वहां स्वयं चलकर आती हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियां अपने पिता और पति दोनों परिवारों की खुशहाली चाहती हैं। यही कारण है कि पिता के घर से विदाई के वक्त सिर के ऊपर से चावल फेंककर वह पिता के घर में सुख-समृद्धि बरकरार रखने की आकांक्षा करती है। इसी प्रकार पति के घर में प्रवेश के वक्त वह पैर से कलश लुढ़काकर देहरी भीतर चावल भेजती है। ये चावल पति के घर खुशहाली के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि गत कुछ वर्षों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम की बदौलत समाज में सकारात्मक परिवर्तन की बयार चली है। आज बेटियों के जन्म पर भी कुआं पूजन जैसे कार्यक्रम होने लगे हैं।

पंजाब विश्वविद्यालय के कानून विभाग की चेयरपर्सन डॉ. वंदना अरोड़ा ने 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' की बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी कानून पहली बार सर्वोच्च न्यायालय की ओर से 1997 में जारी 'विशाखा दिशानिर्देशों' के बाद अस्तित्व में आया। बाद में भारतीय संसद ने 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम) पारित किया।

उन्होंने बताया कि यह अधिनियम सार्वजनिक, निजी, संगठित, असंगठित सभी क्षेत्रों पर लागू होता है। इसके तहत दस या इससे अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों को एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन करना होता है। जिला स्तर पर स्थानीय शिकायत समितियां (एलसीसी) उन मामलों को संभालती हैं जहां आईसीसी उपलब्ध नहीं है। इन समितियों के पास दीवानी अदालतों के समान शक्तियां हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि झूठी शिकायतों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। ऐसे मामलों में दोनों पक्षों की पहचान और कार्यवाही के संबंध में सख्त गोपनीयता रखी जाती है।

विधान सभा सचिव श्री राजीव प्रसाद ने कार्यक्रम का परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान, गरिमा और आर्थिक सशक्तिकरण के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित कार्यस्थल आवश्यक है। उन्होंने प्राचीनकाल के ऐतिहासिक संदर्भों पर जोर देते हुए भारतीय समाज में नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित किया।

#### जनता कॉलेज कौल में विश्व सृजनात्मकता एवं नवाचार दिवस पर कार्यक्रम

## भाषण प्रतियोगिता में नवीन ने मारी बाजी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**कैथल.** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल में मंगलवार विश्व सृजनात्मकता एवं नवाचार दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन में किया गया तथा एनसीसी अधिकारी डॉ. सुरभि अदलखा के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुईं।

इस अवसर पर संस्कार और सामर्थ्य, इनोवेशन और विकास विषय को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की नवीनतम खोजों और नवाचारों पर चर्चा की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ ?र भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें छात्र छात्राओं ने अपनी कला और सृजनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आर्यन प्रथम, वंशिका द्वितीय एवं प्राची तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मूलभूत उपयोगों के बारे में भी जानकारी दी गई। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नवीन प्रथम, मनप्रीत एवं नीलाक्षी द्वितीय एवं वंशिका तृतीय साथ पर रहे। सृजनात्मक विचारों प्रतियोगिता में तनु एवं आर्यन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेस्ट प्रेजेंटर का अवॉर्ड प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं एनसीसी अधिकारी डॉ. सुरभि अदलखा ने विद्यार्थियों को नवाचार और रचनात्मक सोच को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## अग्रोहा टीलें की खुदाई पर अब तक करोड़ों का खर्च दिखाया जा चुका है : गर्ग

**हिसार.** अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अग्रोहा के विकास व अग्रोहा टीलें की खुदाई पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी अधिकारियों की लापरवाही के कारण अग्रोहा टीलें की खुदाई में काफी देरी हो रही है। अग्रोहा टीलें की खुदाई में 13 महीने बीतने के बावजूद भी खुदाई का काम दिख नहीं रहा है। खुदाई के नाम पर सिर्फ झाड़ियां काटने व सफाई तक ही सीमित है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकारी अधिकारियों द्वारा अग्रोहा टीलें की खुदाई पर अब तक करोड़ों रुपए का खर्च दिखाया जा चुका है मगर धरातल में खुदाई का काम कुछ भी नहीं हुआ है। सरकार को अग्रोहा टीलें की खुदाई में जो करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं उसकी जांच करानी चाहिए। जिस प्रकार अग्रोहा टीलें की खुदाई का काम हो रहा है उसे हिसाब से तो 20 साल तक अग्रोहा टीलें की खुदाई का काम पूरा नहीं हो सकता। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकारी अधिकारियों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए म्यूजियम को टीलें से दूर बनाने की योजना बनाई जा रही है जो सरासर गलत है। सरकार को म्यूजियम अग्रोहा टीलें में ही बनना चाहिए क्योंकि अग्रोहा टीलें में 125 एकड़ जगह है जबकि देश व प्रदेश के कोने-कोने से आने वाले यात्री टीलें को देखने आएंगे वहीं पर म्यूजियम में रखा हुआ सामान को देख सकेंगे। अग्रोहा धाम में महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर 30 करोड रुपए की लागत से दो म्यूजियम बनाएं गए है। श्री गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धर्म नगरी तीर्थ स्थल है। जहां पर देश व विदेश से लोग अग्रोहा धाम में दर्शन करने के लिए आते हैं। सरकार को अग्रोहा के विकास के लिए ध्यान देते हुए विशेष पैकेज देना चाहिए ताकि अग्रोहा में तेजी से विकास कार्य करवाएं जा सके।इस अवसर पर पवन गर्ग, ऋषि राज गर्ग हिसार, अनन्त अग्रवाल बरवाला, चूड़ियां राम गोयल टोहाना, सुरेंद्र मित्तल फतेहाबाद, कीर्ति गर्ग सिरसा, महेश अग्रवाल मथुरा, अशोक सिंगला चंडीगढ़, सतीश अग्रवाल शामली, शेखर अग्रवाल इटावा, भूपेंद्र अग्रवाल जीरकपुर, प्रदीप जैन नासिक, अंकुर अग्रवाल गांधीधाम, कपिल जैन दिल्ली, विशाल अग्रवाल छत्तीसगढ़, कपिल अग्रवाल जयपुर आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

### बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली

**शहजादपुर.** खंड शहजादपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया जिसके तहत गांव के आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीत सूद के नेतृत्व मे गांव बपोली में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को बताया गया कि इस दिवस का उद्देश्य 1 से 19 साल के बच्चों और किशोरों को आंतों के कीड़ों से बचाने के लिए मनाया जाता है। इसका उदेश्य बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और शरीरिक मानसिक विकास में बाधा को दूर करना है। यह भारत सरकार का एक प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रम है जो निःशुल्क एल्बेंडाजोल गोली के जरिए संक्रमण को खत्म करता है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजन के साथ महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीत सूद ने पोषण पखवाड़े के तहत अपने रोजाना के खानपान बारे बताया तथा अपने भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने बारे महिलाओं को प्रेरित किया गया।

## आयुष योग सहायकों के लिए पांच दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**सिरसा।** आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयुष योग सहायकों के लिए पांच दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण शिविर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. आशु शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। शिविर का आयोजन शहीद भगत सिंह स्टेडियम के हॉकी ग्राउंड में किया जा रहा है, जहां जिले के सभी आयुष योग सहायकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। प्रतिभागियों में सीखने का उत्साह और अनुशासन देखने को मिल रहा है।

जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्रपाल नागर द्वारा प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान योग आसनों की शुद्ध विधि, प्राणायाम, ध्यान तथा योग के वैज्ञानिक पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे योग सहायकों को पूर्ण जानकारी मिल सके।

## फसल के अवशेषों को जलाने की रोकथाम को लेकर एसडीएम ने ली संबंधित अधिकारियों व सुपरवाईर्स की बैठक

**असंध.** गेंहू की फसल काटे जाने उपरांत किसानों द्वारा फसल के अवशेषों को जलाने की रोकथाम एवं फसल अवशेष के प्रबंधन के सम्बन्ध में मंगलवार को उपमण्डल अधिकारी (ना0) सुमित सिहाग की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम ने तहसील असन्ध एवं उप तहसील बल्ला में नियुक्त किये गये संबंधित सुपरवाइजर्स को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों के सहयोग से किसानों को खेतों में फसल अवशेष न जलाने बारे जागरूक करें।

बैठक में एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों को फसल अवशेष प्रबंधन के सम्बंध में फसल अवशेषों को जलाने की रोकथाम हेतू सरकार की हिदायतों को बताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने सभी टीमों के सुपरवाईजरों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण (फील्ड विजिट) करें, ताकि पराली जलाने जैसी घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। साथ ही सभी सुपवाईजर अपनी टीम की हाजिरी लेना भी सूनिश्चित करें और प्रति-दिन फील्ड में भ्रमण कर टीम के साथ फोटो वाट्स ऐप ग्रुप में भेजना सुनिश्चित करें।

इसके साथ-साथ उन्होंने सभी सुपरवाइजर्स को निर्देश दिए कि वे आज ही अपने-अपने निर्धारित गांवों में जाकर किसानों के साथ बैठक आयोजित करें एवं उन्हें पराली न जलाने के लिए जागरूक करें। ग्राम स्तर पर लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणा एवं मुनादी करवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों तक जानकारी पहुंच सके। फसल अवशेष प्रबंधन के तहत सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही योजनाओं एवं मशीनरी के उपयोग के बारे में किसानों को जानकारी प्रदान की जाए। एसडीएम ने कहा कि यदि उपमण्डल असन्ध के किसी क्षेत्र में पराली जलाने का कोई मामला/घटना पाई जाती है, तो संबंधित टीम के विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसडीएम द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं तत्परता से निर्वहन करें, ताकि पराली जलाने की घटनाओं पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पाया जा सके।

#### महिलाओं को उनका सवैधानिक अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक अवसर को विपक्ष ने संकीर्ण राजनीति की भेंट चढ़ा दिया

## महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं, तो फिर संसद में उनकी भागीदारी से विपक्ष क्यों डर रहा है : रीतिक

पंचकूला ऑब्जर्वर

**भिवानी.** हाल ही में संसद में विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को पास नहीं होने दिया और ऐसा करके सभी विपक्षी पार्टियों ने महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में रोड़े अटकाने का कार्य किया है। अभी तक कांग्रेस ने महिलाओं को आरक्षण दिलाने के नाम पर केवल दिखावा किया है।

उक्त शब्द भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने संसद में विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को पास नहीं होने देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहे 7 उन्होंने कहा कि गत 16 व 17 अप्रैल को देश की सर्वोच्च पंचायत में विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल का विरोध करके हमारी बहन-बेटियों के हक पर डाका डाला है। लोकतंत्र के मंदिर, संसद में जो कुछ भी हुआ, वह न केवल अलोकतांत्रिक था, बल्कि हमारे देश की आधी आबादी के भविष्य पर एक बड़ा प्रहार था। इस प्रकरण ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टी.एम. सी. और डी.एम.के. जैसे विपक्षी दलों का असली चेहरा देश के सामने उजागर कर दिया है।उन्होंने कहा कि इन दलों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब बात महिलाओं को अधिकार देने की आती है, तो उनका असली चरित्र महिला-विरोधी और सत्ता का लोभी हो जाता है। यह महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक अवसर था, लेकिन विपक्ष ने इस अवसर को भी अपनी संकीर्ण राजनीति की भेंट चढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि गत 16 अप्रैल 2026 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन क्रांतिकारी विधेयक पेश किए थे। संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक ।इन विधेयकों को लाने के पीछे केंद्र सरकार का संकल्प बहुत स्पष्ट था। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अनुसार, महिला आरक्षण 2026 के बाद होने वाली जनगणना और परिसीमन के बाद लागू होना था। केन्द्र सरकार जानती थी कि यदि हम जनगणना और लंबी परिसीमन प्रक्रिया का इंतजार करते, तो हमारी बहनों को 2029 के आम चुनाव में भी 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता। इसीलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने यह साहसिक निर्णय लिया कि इस आरक्षण को जनगणना की शर्त से अलग किया जाए, ताकि वर्ष 2029 के आम चुनावों में ही हमारी महिला शक्ति संसद में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा सके।उन्होंने बताया कि मोदी जी ने स्पष्ट कहा कि महिलाओं की भागीदारी कोई दया नहीं, उनका अधिकार है। लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने एक बार फिर महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में रो? अटकाने का काम किया है। यह देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात था। उन्होंने कहा किआखिर विपक्ष महिलाओं के आरक्षण से इतना डर क्यों रहा है? उत्तर स्पष्ट है कि ये दल जानते हैं कि जिस दिन देश की महिलाओं को उनका पूरा राजनीतिक अधिकार मिल गया, उसी दिन इनकी परिवारवाद की राजनीति खत्म हो जाएगी। महिलाओं के सशक्तिकरण से सबसे बड़ा खतरा उन दलों को है, जिन्होंने दशकों तक महिलाओं को केवल वोट बैंक समझा, लेकिन नेतृत्व का अधिकार नहीं दिया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिला आरक्षण के नाम पर केवल दिखावा किया।

समितियां बनाई, बहाने बनाए, लेकिन कभी महिलाओं को उनका अधिकार नहीं दिया। दूसरी ओर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को सम्मान दिया। लेकिन जब उसे लागू करने की घड़ी आई, तब विपक्ष का असली महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया।

## लड़कियों को लगाए नि:शुल्क एचपीवी टीका, सर्वाइकल कैंसर रोकथाम पर विशेष जोर

**पानीपत.** शहर के किशनपुरा स्तिथ गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार कों मिडल हेड गीता के मार्गदर्शन और डा. सुमन वशिष्ठ के नेतृत्व में एक विशेष शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें स्कुल की सभी 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लक्षित आयुवर्ग की शत-प्रतिशत किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हैं। कार्यक्रम के दौरान डा. वशिष्ठ के द्वारा किशोरीयों का मार्गदर्शन भी किया गया। वहीं कार्यक्रम संबंधित जानकारी देते हुए डॉक्टर सुमन वशिष्ठ ने बताया कि भारत सरकार ने 14 वर्ष की किशोरियों के लिये एचपीवी वैक्सीनेशन शुरू किया है। जिसका उद्देश्य महिलाओं में बढ़ते कैंसर के खतरे को कम करना व सर्वाइकल कैंसर से बचाव करना है। इस अभियान के तहत देशभर में 14 वर्ष की सभी किशोरियों को मुफ्त में एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अभिभावकों के लिए राहत की बात यह है कि जो टीका बाजार में करीब कई हजार रुपये में मिलता है, वही अब सरकारी अस्पतालों में बिल्कुल निशुल्क दिया जा रहा हैं।

वहीं स्कुल मिडिल इंचार्ज गीत ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन हूमन पैपिलोमा वायरस के खिलाफ सुरक्षा प्रदाय करता है।

# शरीर के तापमान को नियंत्रित करने वाला नेचुरल ड्रिंक है लस्सी



गर्मियों के मौसम में शरीर को ठंडक और ताजगी देने वाले कोल्ड ड्रिंक्स की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में लोग अक्सर सेहत से खिलवाड़ करते हुए डब्बा बंद आर्टिफिशियल पेय पदार्थों का सेवन करते हैं, जो सेहत के लिए किसी जहर से कम नहीं। वहीं, लस्सी एक ऐसा पारंपरिक ड्रिंक है, जो न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होती है, बल्कि शरीर के तापमान को संतुलित रखने में भी मदद करती है। दही से तैयार होने वाला यह पेय भारत में लंबे समय से खानपान का अहम हिस्सा रहा है। लस्सी एक ऐसा पेय है जो स्वाद और सेहत दोनों का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। अगर इसे सही समय पर और संतुलित मात्रा में पीया जाए, तो यह गर्मियों में शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य लाभ भी देता है। लस्सी को आमतौर पर दही को मथकर उसमें चीनी समेत अन्य स्वाद बढ़ाने वाली चीजें मिलाकर बनाया जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसका स्वाद और बनाने का तरीका भी बदल जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, लस्सी एक प्राकृतिक कूलिंग एनर्जी ड्रिंक है, जिसकी तासीर ठंडी होती है। यही कारण है कि गर्मियों में इसका सेवन शरीर को तुरंत राहत देता है और तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसके अलावा, लस्सी पाचन तंत्र को मजबूत करती है, शरीर को हाइड्रेट रखती है और तुरंत एनर्जी भी प्रदान करती है। इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होता है। हालांकि, लस्सी पीने का सही समय जानना भी उतना ही जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसका सेवन दिन में, खासकर दोपहर के समय करना सबसे अधिक फायदेमंद होता है। दोपहर के भोजन के साथ लस्सी पीने से पाचन बेहतर होता है और शरीर को ठंडक मिलती है। यह गर्मी के असर को कम करने में भी मददगार साबित होती है। कुछ लोग रात के समय भी लस्सी पीते हैं, लेकिन ऐसा करना हर किसी के लिए सही नहीं माना जाता। रात में इसका सेवन कुछ लोगों में पाचन से जुड़ी परेशानी या भारीपन की वजह बन सकता है। इसलिए इसे दिन के समय ही पीना बेहतर विकल्प माना जाता है। दिन में लस्सी का सेवन फायदेमंद होता है।






## नेक्सजेन लीडरशिप अवॉर्ड्स में टैलेंट और पैशन का जश्न, नेक्सजेन अवॉर्ड्स में दिखा नया भारत

मुंबई की चमकती रात में आयोजित नेक्सजेन लीडरशिप अवॉर्ड्स सिर्फ एक अवॉर्ड सेरेमनी नहीं, बल्कि सपनों, संघर्ष और सफलता की एक जीवंत कहानी बनकर उभरे। इंडियन बिज़नेसमैन से फिल्ममेकर बने सुनील कोठारी के इस खास मंच पर नगमा मिराजकर, इरशाद कामिल, पुष्कर जोग, रूपाली सूरी और वरिंदर चावला जैसे नामों की मौजूदगी ने शाम को यादगार बना दिया। यह इवेंट उन अनदेखे चेहरों को सलाम करने का जरिया बना, जो कैमरे के आगे और पीछे रहकर इंडस्ट्री को आकार देते हैं। इस दौरान सुनील कोठारी ने अपनी अपकमिंग फिल्म आव्यान का पोस्टर लॉन्च कर अपने नए सिनेमाई सफर की झलक भी पेश की। अवॉर्ड्स की बात करें तो पुष्कर जोग को दमदार परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया गया, वहीं इरशाद कामिल को बेहतरीन गीतों के लिए सराहा गया। नगमा मिराजकर ने ट्रेंडसेटर ऑफ द ईयर का खिताब अपने नाम किया, जबकि रूपाली सूरी को डायनामिक टैलेंट के रूप में सम्मान मिला। यह शाम साबित करती है कि असली जश्न सिर्फ जीत का नहीं, बल्कि उस सफर का होता है जो वहां तक पहुंचाता है।

## नेक्सजेन लीडरशिप अवॉर्ड्स में टैलेंट और पैशन का जश्न



मुंबई की चमकती रात में आयोजित नेक्सजेन लीडरशिप अवॉर्ड्स सिर्फ एक अवॉर्ड सेरेमनी नहीं, बल्कि सपनों, संघर्ष और सफलता की एक जीवंत कहानी बनकर उभरे। इंडियन बिज़नेसमैन से फिल्ममेकर बने सुनील कोठारी के इस खास मंच पर नगमा मिराजकर, इरशाद कामिल, पुष्कर जोग, रूपाली सूरी और वरिंदर चावला जैसे नामों की मौजूदगी ने शाम को यादगार बना दिया। यह इवेंट उन अनदेखे चेहरों को सलाम करने का जरिया बना, जो कैमरे के आगे और पीछे रहकर इंडस्ट्री को आकार देते हैं। इस दौरान सुनील कोठारी ने अपनी अपकमिंग फिल्म आव्यान का पोस्टर लॉन्च कर अपने नए सिनेमाई सफर की झलक भी पेश की। अवॉर्ड्स की बात करें तो पुष्कर जोग को दमदार परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया गया, वहीं इरशाद कामिल को बेहतरीन गीतों के लिए सराहा गया। नगमा मिराजकर ने ट्रेंडसेटर ऑफ द ईयर का खिताब अपने नाम किया, जबकि रूपाली सूरी को डायनामिक टैलेंट के रूप में सम्मान मिला। यह शाम साबित करती है कि असली जश्न सिर्फ जीत का नहीं, बल्कि उस सफर का होता है जो वहां तक पहुंचाता है।

## साउथ और बॉलीवुड में क्या है बड़ा फर्क? रकुल प्रीत सिंह ने कॉल शीट और पेमेंट को लेकर कही ये बात



अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक की फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने साउथ सिनेमा और बॉलीवुड में तकनीकी अंतर के बारे में बताया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक पॉडकास्ट का वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने साउथ और बॉलीवुड में शूटिंग के फर्क पर खुलकर बात की। रकुल ने बताया कि मुंबई में कॉल शीट का समय आमतौर पर सुबह 6 बजे या 7 बजे से शाम 6 बजे तक होता है। उन्होंने इस फर्क को समझाते हुए कहा कि दोनों इंडस्ट्री में काम करने का अनुभव बहुत अलग-अलग रहा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पूरी दुनिया में फिल्म बनाने की प्रक्रिया लगभग समान है, लेकिन साउथ सिनेमा और हिंदी सिनेमा के तकनीकी कामों में फर्क है। उन्होंने कहा, तेलुगु फिल्मों में शाम 6 बजे के बाद शूटिंग नहीं की जाती है। मुझे नहीं पता कि अब भी यह नियम है या नहीं क्योंकि पिछले दो-तीन साल से मैंने कोई तेलुगु फिल्म नहीं की है। पहले हम सिर्फ शाम 6 बजे तक ही शूटिंग करते थे। उन्होंने हिंदी सिनेमा की शूटिंग टाइम को लेकर कहा, जब मैं मुंबई आई, तो मुझे अचरज हुआ कि यहां रात में भी लंबी शूटिंग होती है। साउथ में अगर रात की शूटिंग होती भी है, तो वह आमतौर पर शाम 6 बजे से रात 2 बजे तक सीमित रहती है, न कि सुबह 6 बजे तक। अभिनेत्री ने बातचीत में हिंदी सिनेमा के यूनियन नियमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, यहां कुछ यूनियनों के नियमों के मुताबिक तय समय के बाद ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। शाम 6 बजे के बाद शूटिंग करने पर डेढ़ गुना पेमेंट करना पड़ता है। रात 9 बजे के बाद पेमेंट दोगुना ज्यादा हो जाता है और अगर रात 2 बजे के बाद भी शूटिंग जारी रखी जाए, तो तीन गुना पैसे देने पड़ते हैं। उन्होंने आगे कहा, यही कारण है कि फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों को तीन गुना ज्यादा पैसे मिलते हैं क्योंकि यह समय लोगों के लिए सही नहीं माना जाता है। शुरुआती सालों में जब मैं दोनों जगहों पर आती-जाती थी, तो सोचती थी कि यहां इतनी देर तक शूटिंग क्यों की जा रही है। मुझे पता नहीं था कि यहां साउथ वाले नियम लागू नहीं होते। इसलिए यहां शूटिंग सुबह जल्दी शुरू कर दी जाती है।

## मिस इंडिया मंच पर चमकी साध्वी सैल, साध्वी सैल बनीं मिस इंडिया वर्ल्ड 2026, मिस इंडिया बनीं साध्वी सैल

भुवनेश्वर की रोशनी भरी उस यादगार शाम में, जहां सपनों ने आकार लिया और आत्मविश्वास ने पहचान बनाई, गोवा की साध्वी सैल ने फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का ताज अपने नाम कर इतिहास रच दिया। केआईआईटी यूनिवर्सिटी के भव्य मंच पर सजी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का 61वां संस्करण केवल सौंदर्य का उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय नारी की शक्ति, विविधता और उद्देश्य का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा। थीम के तहत देशभर से आई प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, सोच और व्यक्तित्व से मंच को जीवंत कर दिया। महाराष्ट्र की रजनींदिनी पवार फर्स्ट रनर-अप और श्री अद्वैता सेकेंड रनर-अप रहीं, जिन्होंने अपने आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया। नवंबर से शुरू हुए इस सफर में टैलेंट हंट से लेकर मुंबई के ग्रूमिंग सेशंस तक, प्रतिभागियों ने खुद को निखारते हुए एक नई पहचान गढ़ी। ग्रैंड फिनाले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, संगीत और ग्लैमरस परफॉर्मेंस ने माहौल को और भी खास बना दिया। यह आयोजन एक बार फिर साबित कर गया कि आज की भारतीय युवतियां केवल खूबसूरती ही नहीं, बल्कि आत्मबल, प्रतिभा और उद्देश्य के साथ वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



## बांग्ला सिनेमा की पहली सुपरस्टार कानन देवी, संघर्ष से स्टारडम तक की जानें अनकही कहानी

भारतीय सिनेमा के शुरुआती दौर में कई ऐसे कलाकार हुए, जिनकी कहानी खुद किसी फिल्म से कम नहीं थी। ऐसी ही एक शख्सियत थीं कानन देवी, जिन्होंने गरीबी, संघर्ष और समाज के विरोध के बावजूद अपनी एक अलग पहचान बनाई। उन्हें बांग्ला सिनेमा की पहली सुपरस्टार अभिनेत्री माना जाता है।

उस समय जब फिल्मों में महिलाओं की मौजूदगी भी कम थी, कानन देवी ने अपनी मेहनत और हुनर से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई और भीड़ खींचने वाली बड़ी स्टार बनकर उभरीं। कानन देवी का जन्म 22 अप्रैल 1916 को पश्चिम बंगाल के हावड़ा शहर में हुआ था। बचपन से ही उनकी जिंदगी आसान नहीं रही। जब वे बहुत छोटी थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया और परिवार पर आर्थिक संकट आ गया। घर चलाने की जिम्मेदारी उनकी मां पर आ गई, और छोटी उम्र में ही कानन को भी काम करना पड़ा। पढ़ाई



की उम्र में उन्होंने मुश्किल हालात देखे, लेकिन यही संघर्ष आगे चलकर उनकी ताकत बना।

महज 10 साल की उम्र में उन्होंने फिल्मों में कदम रखा। उन्हें पहली बार फिल्म जयदेव में छोटा सा रोल मिला। उस दौर में महिलाओं के लिए फिल्म इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं था। लेकिन कानन ने हार नहीं मानी और धीरे-धीरे अपनी पहचान बनानी शुरू की। शुरुआत में वे बाल कलाकार के रूप में नजर आईं, लेकिन जल्द ही उनकी प्रतिभा लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई।

कानन देवी जब न्यू थिएटर से जुड़ीं, तो उनके करियर को एक नई ऊंचाई मिली। यहां उनकी मुलाकात मशहूर संगीतकार राय चंद बोराल से हुई, जिन्होंने उन्हें संगीत की बारीकियां सिखाईं। इसके बाद उन्होंने अभिनय के साथ-साथ सिंगिंग में भी अपनी पहचान बनाई। फिल्म मुक्ति उनकी सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक रही, जिसने उन्हें स्टार बना दिया।

धीरे-धीरे कानन देवी का नाम इतना बड़ा हो गया कि लोग उनकी एक झलक पाने के लिए भीड़ लगाने लगे। वे उस दौर की सबसे यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में शामिल थीं। जब फिल्मों का बजट कम होता था, तब भी उनकी फीस लाखों में होती थी। यही वजह थी कि उन्हें बांग्ला सिनेमा की पहली सुपरस्टार कहा जाने लगा। उनके गाने भी लोकप्रिय हुए।

साल 1941 के बाद उन्होंने स्वतंत्र रूप से काम करना शुरू किया और कई हिट फिल्में दीं। बाद में उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस भी शुरू किया और फिल्म निर्माण में भी हाथ आजमाया। यह उस दौर में बहुत बड़ी बात थी, जब महिलाएं इस क्षेत्र में कम ही नजर आती थीं।

उनके योगदान को देखते हुए कई बड़े सम्मान मिले। साल 1968 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इसके बाद 1976 में उन्हें भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार भी दिया गया।

कानन देवी ने करीब तीन दशकों तक फिल्म इंडस्ट्री में काम किया और अभिनय, गायन और फिल्म निर्माण, तीनों क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ी। 17 जुलाई 1992 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया, लेकिन उनकी विरासत आज भी जिंदा है।

## दूसरी बार पिता बने एटली, बेटी के जन्म पर अनन्या पांडे-काजल अग्रवाल समेत तमाम सेलेब्स ने दी बधाई

फिल्ममेकर एटली और उनकी पत्नी कृष्णा प्रिया के घर एक बार फिर खुशियों ने दस्तक दी है। दरअसल, उनके परिवार में एक नन्ही परी का जन्म हुआ है। इस खुशखबरी को एटली और प्रिया ने अनोखे अंदाज में साझा किया, जिसने सभी का दिल जीत लिया। इस खबर के बाद से फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। कपल ने इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी को साझा करते हुए एक पोस्टर साझा किया, जिसमें एक बचा टॉय कार के ऊपर बैठा नजर आ रहा है। इस पोस्टर पर लिखा है, ये हुई ना बात, मुझे एक छोटी बहन मिल गई है! बड़ा भाई मीर। इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया और फैंस के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई सितारों ने भी उन्हें दिल खोलकर प्रतिक्रिया दी।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने एटली और प्रिया को ढेर सारी बधाइयां दीं और कमेंट में लिखा, बहुत बहुत बधाइयां

काजल अग्रवाल ने लिखा, माता-पिता, दादा-दादी और सबसे बढ़कर मीर को ढेर सारा प्यार और शुभकामनाएं। वहीं सामंथा रुथ प्रभु, निशा अग्रवाल और हुमा कुरैशी ने कमेंट में कांग्रेचुलेशन लिखा, जबकि रश्मिका मंदाना ने हार्ट इमोजी के जरिए अपनी खुशी जाहिर की एटली और कृष्णा प्रिया की यह दूसरी संतान है। इससे पहले दोनों के घर बेटा मीर का जन्म हुआ था और अब बेटी के आने से उनका परिवार और भी खुशहाल हो गया है। अगर एटली और कृष्णा प्रिया की लव स्टोरी की बात करें तो दोनों की मुलाकात उस समय हुई थी जब एटली अपने करियर की शुरुआत कर रहे थे और अपनी पहली फिल्म राजा रानी पर काम कर रहे थे। उसी दौरान कृष्णा प्रिया भी टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं। दोनों की पहली मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी और यहीं से उनकी बातचीत की शुरुआत हुई।

धीरे-धीरे यह बातचीत दोस्ती में बदल गई और फिर प्यार हो गया। इस दौरान



दोनों ने एक-दूसरे के संघर्ष के दौर को करीब से देखा और एक-दूसरे का साथ दिया। राजा रानी की सफलता ने एटली के करियर को नई दिशा दी। कहा जाता है कि जब कृष्णा प्रिया के घर वाले उनकी शादी के लिए लड़का देख रहे थे, तब उन्होंने यह बात एटली को बताई थी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com